# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, सोमवार,13 अप्रैल 2026


## सुविचार



शिक्षा के बिना बुद्धि, नैतिकता और विकास सब नष्ट हो जाते हैं। शिक्षा, स्त्री और पुरुष की प्राथमिक आवश्यकता है।

-महात्मा ज्योतिबा फुले


### लखनऊ के प्रमुख समाचार

- फैशन टीवी सैलून अकादमी के हजारों प्रमाण पत्र फर्जी II
- दृश्य में दिखीं स्मृतियां, संवेदनाएं और संघर्ष III
- बटलर का बल्ला चला, गिल ने जीता दिल IV


### शहर में आज



- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ- 9:00 बजे।
- हजरतगंज स्थित डॉ. आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा की प्रार्थना सभा- 10:30 बजे से।
- परिवर्तन चौक पर बढ़ती महंगाई और गैस की किल्लत के खिलाफ ऐपवा का प्रदर्शन- 12:00 बजे से।
- एसजीपीजीआई पुस्तकालय परिसर के खुराना सभागार में अनुसंधान प्रोत्साहन पर कार्यशाला- 3:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।









शहर में धूप ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। रविवार को तेज धूप निकलने से पारा करीब 1.3 डिग्री सेल्सियस चढ़कर 36.6 डिग्री पर पहुंच गया, इससे लोग दोपहर में बेहाल दिखे। किसी ने छतरी तो किसी ने दुपट्टे से खुद को धूप से बचाया। गला सूखने पर पानी पीकर तर किया। न्यूनतम तापमान में भी करीब 1.6 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 20 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को मौसम साफ रहेगा। दोपहर के समय तेज हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान में वृद्धि से यह सामान्य के करीब पहुंच रहा है। दिन में 20-30 किलोमीटर की रफ्तार से चल रहीं पछुआ हवाओं का दौर 14 अप्रैल से कमजोर पड़ने के साथ आगामी सप्ताह में मौसम शुष्क बना रहेगा, जिससे तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने लखनऊ में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है।

### सिटी ब्रीफ

#### आंबेडकर जयंती पर मैराथन कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में महर्षि वाल्मीकि निर्धन कन्या विवाह समिति की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, महिलाओं और समाजसेवियों के लिए सम्मान समारोह, मैराथन दौड़ तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके बाद विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। यह आयोजन 14 अप्रैल मंगलवार को रात्रि 8 बजे से वाल्मीकि कल्याण मंडपम फूल वाली पार्क न्यू हैदराबाद में आयोजित होगा।

#### लखनऊ होकर जयपुर के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रीष्मकाल में रेलवे प्रशासन उधना-जयनगर-उधना अनारक्षित विशेष ट्रेन चलाएगा। ये ट्रेन लखनऊ के ऐशबाग स्टेशन से गुजरेगी। 09091 उधना-जयनगर अनारक्षित विशेष गाड़ी 12 अप्रैल को उधना से रात 21:40 बजे प्रस्थान करेगी और विभिन्न प्रमुख स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन ऐशबाग स्टेशन पर 01:05 बजे पहुंचेगी। इसके बाद यह बाराबंकी, गोंडा, बस्ती और गोरखपुर होते हुए शाम 19:00 बजे जयनगर पहुंचेगी।वापसी में 09092 जयनगर-उधना विशेष गाड़ी 15 अप्रैल 2026 को जयनगर से 17:00 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन ऐशबाग स्टेशन पर सुबह 10:35 बजे पहुंचेगी। इसके बाद यह कानपुर, आगरा, कोटा, रतलाम और बड़ोदरा होते हुए तीसरे दिन 12:30 बजे उधना पहुंचेगी। रेलवे के अनुसार इस ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 18 शयनयान और 2 एसएलआरडी कोच शामिल हैं। खास बात यह है कि सभी कोच अनारक्षित रहेंगे, जिससे सामान्य श्रेणी के यात्रियों को यात्रा में सुविधा मिलेगी।

#### लोहिया पार्क में हुई नेचर क्लब की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय नुक्कड़ नाटक दिवस की शुरुआत रविवार को राम मनोहर लोहिया पार्क में लखनऊ नेचर क्लब की हुई। अपर मुख्य सचिव और योग विशेषज्ञ अनिल कुमार ने क्लब का उद्घाटन किया। वरिष्ठ पर्यावरणविद और भारतीय वन सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी मुहम्मद अहसन ने लोहिया पार्क में लगे देसी विदेशी पेड़ों, उनकी खूबियों, उपयोगिता, पक्षियों और जंगलों के बारे में बताया।संगीता जायसवाल ने माह में एक बार नेचर वॉक करने का प्रस्ताव दिया। वीना राना ने कीटनाशक मुक्त घरेलू सब्जियां उगाने के अनुभव साझा किए। जानी मानी डॉक्टर प्रभा ने वेस्ट मैनेजमेंट और वैकल्पिक ऊर्जा के बारे में बात की।

#### कुर्सी रोड महायोजना में बदलाव को लेकर एकजुट हुए व्यापारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुर्सी रोड के व्यापारियों, उद्यमियों, शिक्षण संस्थानों व धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों एवं भवन स्वामियों ने रविवार को बैठक कर कुर्सी रोड महायोजना-2031 के पुर्नविचार की मांग की। इसे लेकर व्यापारी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करेंगे। कुर्सी रोड स्थित एक निजी होटल में हुई बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे, ऋषि त्रिवेदी, कमलेश यादव, चन्द्रमौलि शुक्ला, पंकज तिवारी, आराधना कुमार, मोहम्मद सलीम सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधि व भवन स्वामी मौजूद रहे। बैठक में कुर्सीरोड महायोजना-2031 को हजारों लोगों की रोजी-रोटी छिनने वाला बताते हुये कहा गया कि इस महायोजना को रोका जाए। व्यापारी सांसद से मिलकर इसमें हस्तक्षेप करने की मांग की गई।

# हर वक्त मेरे जहन में रहता है लखनऊ

## सेठ एमआर जयपुरिया सेमिनार हॉल में वरिष्ठ जनों से संवाद कार्यक्रम में बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ वासियों से मिलकर मुझे हमेशा सुखद अनुभूति होती है। दिल्ली में भी यहां के लोगों से मिलने का प्रयास करता हूं। देश-विदेश की व्यस्तताओं के बावजूद लखनऊ हमेशा मेरे दिल और दिमाग में रहता है। ये बात रविवार को सांसद और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विनीत खंड स्थित सेठ एमआर जयपुरिया सेमिनार हॉल में वरिष्ठ जन संवाद कार्यक्रम में कही।

राजनाथ सिंह ने कहा कि सांसद के रूप में जनता से मिली जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास करते हैं। विभागों से सीधे संवाद कर समस्याओं के समाधान की कोशिश करते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 10-12 वर्षों में लखनऊ में व्यापक विकास हुआ है, जिसमें राज्य सरकार और मुख्यमंत्री का भी अहम योगदान रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर रक्षामंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है और पश्चिमी एशिया के मौजूदा संकट में भारत ने संतुलित और सूझबूझ भरी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जहां अन्य देशों में एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, वहीं भारत में स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इतनी बड़ी जिम्मेदारियों के बावजूद राजनाथ सिंह का लखनऊ के वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ाव प्रेरणादायक है।वरिष्ठ नागरिकों ने भी अपने विचार रखे। राकेश चेटली ने शहर के पार्कों में लगाए गए ओपन जिम की सराहना की, जबकि पंडित अरविंद शुक्ल ने लखनऊ के बहुआयामी विकास के लिए आभार जताया। सीमा दुबे, मदन शुक्ला और राजेश वर्मा ने भी संवाद में भाग लेते हुए गोमती नगर स्टेशन, फ्लाईओवर और अन्य विकास परियोजनाओं पर संतोष व्यक्त किया।



पुस्तक का विमोचन करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व मंत्री डॉ.महेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद बृजलाल व अन्य।

### लालजी टंडन का जीवन लखनऊ की आत्मा

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व मंत्री डॉ.महेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद बृजलाल ने रविवार को पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन फाउंडेशन ने पूर्व टंडन कृत पुस्तक स्मृति नाद का लोकार्पण किया। लालजी टंडन फाउंडेशन की ओर से गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में राजनाथ सिंह ने कहा कि लालजी टंडन का जीवन लखनऊ की आत्मा हैं। जयंती पर उन्हें नमन करते स्वयं को भावुक महसूस कर रहा हूं। टंडन जी इस पुस्तक के प्रकाशन को लेकर बेहद उत्साहित थे, लेकिन इसके पहले ही वे हम सभी को छोड़कर चले गए। टंडन जी की छाप अनगिनत लोगों पर पड़ी। सर्व धर्म समभाव लालजी टंडन का मूल सिद्धांत था, जिसका उल्लेख इस पुस्तक में भी किया गया है। साथ ही पुस्तक में देश की संस्कृति, सभ्यता और समकालीन विषयों का भी समावेश है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से जुड़ा एक रोचक प्रसंग साझा करते हुए बताया कि कैसे एक विमान अपहरण की घटना में अटल जी की संवाद क्षमता से स्थिति संभाली गई। राज्यसभा सांसद संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉ. नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, ओपी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### आदर्श व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा गोमती नगर विवेक खंड एवं तेलीबाग बाजार के व्यापारियों को उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा के तहत नोटिस भेजी गई है। आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में 11 सदस्यीय एक प्रतिनिध मंडल सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मिला और पक्ष रखा। व्यापारी नेताओं ने कहा कि लखनऊ विकास प्राधिकरण सालों पुराने व्यापारियों को नोटिस देकर उनसे भवन का नक्शा मांगने तथा सीलिंग की कार्रवाई की नोटिस दी जा रही है। इसे लेकर रक्षामंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा।व्यापारियों ने बताया अनेक भवन 50 साल पहले के बने हुए हैं, कुछ भवन 30- 40 साल पहले के हैं। पुराने भवनों से मानचित्र मांगने का कोई औचित्य नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस समय यह भवन बन रहे थे उस समय लखनऊ विकास प्राधिकरण विभाग एवं विभाग के अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वह्न नहीं किया। उन पर कार्रवाई होनी चाहिए थी। लेकिन जब व्यापारियों ने इन भवनों में अपनी दुकान खरीद ली है और अपना व्यापार कर जीविकोपार्जन कर रहे हैं तो व्यापारियों को सीलिंग का नोटिस देना अन्यायपूर्ण है। लखनऊ की गोमती नगर विवेक खंड, तेलीबाग मार्केट, कपूरथला, पत्रकारपुरम, सीतापुर रोड इन बाजारों को भी मार्केट स्ट्रीट घोषित किया जाना चाहिए। जिस प्रकार से अनेक कालोनियों को नियमित किया जाता है उसी प्रकार से 15 साल से अधिक बने हुए पुराने भवनों को भी नियमित किया जाना चाहिए। रक्षामंत्री ने उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में गोमतीनगर के हेमंत कुकरेजा, नितिन काकरिया, हर्ष अरोरा, गंगाराम रहेजा, ज्योति काकरिया एवं तेलीबाग आदर्श व्यापार मंडल के आलोक गोयल, राजेश चावला, चंद्रशेखर यादव, परमजीत सिंह, अमरजीत सिंह मुख्य रूप से शामिल थे।

### राम अवतार के घर पहुंचकर जताई शोक संवेदना

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ महानगर पूर्व महामंत्री राम अवतार कनौजिया के ठाकुरगंज स्थित आवास गए और उनकी धर्मपत्नी दौलतगंज वार्ड पार्षद स्वर्गीय रानी कनौजिया के निधन के उपरांत चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों से भेंट करके शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना की। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, राम चंद्र प्रधान, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अनुराग साहू उपस्थित रहे।



शहीद सुनील कुमार के परिवार के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। अमृत विचार

### ऑपरेशन सिंदूर में शहीद के परिवार से की भेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने शहीद सुनील कुमार की धर्मपत्नी सुजाता कुमारी, पुत्र सौरभ, शिवेश के साथ निशांत, सुशांत, अखिलेश परिवार सदस्यों से भेंट किया। रक्षामंत्री ने परिवार का हाल चाल जानने के बाद परिवार को सदस्यों को आशीर्वाद दिया।

### इप्सेफ प्रतिनिधिमंडल भी रक्षा मंत्री से मिला

इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र, अतुल मिश्रा, सुरेश रावत और संजय शुक्ला ने रविवार को राजनाथ सिंह से मिलकर देशभर के कर्मचारी और शिक्षकों की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इसमें आठवें वेतन आयोग की संस्तुतियां 1 जनवरी 2026 से लागू कर पेंशन में वृद्धि करने, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आउटसोर्स व संविदा कर्मचारियों के लिए सेवा सुरक्षा, न्यूनतम वेतन और मृतक आश्रित सुविधा लागू करने,शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के समय टीईटी से मुक्त करने, रिक्त पद पर नियुक्ति व पदोन्नति से भरने की मांगें की गई हैं।

## साहित्य पथ बनवा लगवाएं साहित्यकारों की प्रतिमाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को मांगपत्र देकर उत्तर प्रदेश साहित्य सभा ने शहर में एक मार्ग को साहित्यपथ घोषित कर उसके किनारे साहित्यकारों की प्रतिमाएं लगाने की मांग की। सभा का तर्क है कि ऐसा करने से साहित्य पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और शहर में साहित्य प्रेमियों का आगमन बढ़ेगी।

उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के प्रधान हास्य कवि सर्वेश अस्थाना के नेतृत्व में रविवार को प्रतिनिधिमंडल ने रक्षामंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में अस्थाना ने मांग की कि जी-20 रोड या ग्रीन कॉरिडोर के एक हिस्से को साहित्य पथ घोषित कर दोनों ओर कुछ-कुछ दूरी पर प्रदेश के साहित्यकारों की प्रतिमाएं और उनका जीवन परिचय लगाया जाए। इससे नगर में साहित्य प्रेमियों की आवाजाही बढ़ेगी व साहित्यिक पर्यटन की शुरुआत होगी। रक्षामंत्री ने प्रस्ताव को बेहतर बताते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल को जल्दी इस काम को करने के निर्देश दिए। प्रतिनिधिमंडल में महेंद्र भीष्म, सुशील चंद श्रीवास्तव, राजीव वत्सल, केवल प्रसाद सत्यम, अरविंद झा और डॉ. सुधांशु मोहन शामिल रहे।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को मांग पत्र सौंपते उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के पदाधिकारी।

राहत

जिला निर्वाचन कार्यालय समय-समय पर चलाएगा विशेष पुनरीक्षण अभियान

# मतदाता सूची में नाम कटा तो भरें फार्म-6, पुराना एपिक नंबर मिल जाएगा

- **16 तक मतदान केंद्रों पर देख सकेंगे नाम**
- **मतदाता ऑनलाइन भी देख सकेंगे सूची में अपना नाम**

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में यदि मतदाता सूची से नाम कट गया है तो परेशान न हों। जिला निर्वाचन कार्यालय समय-समय पर विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाएगा, जिसमें मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए मतदान केंद्रों पर उपस्थित बूथ लेवल ऑफिसर को फार्म 6 भरकर जमा करना होगा। यदि आपका नाम मतदाता सूची में था तो फार्म 6 भरते समय अपना पुराना इपिक नंबर भी डालना होगा। जांच के बाद पुराना इपिक नंबर ही आपको फिर मिल जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन कार्यालय नए और छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए अभियान चलाएगा।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर ने बताया कि 16 अप्रैल तक पदाभिहित अधिकारी मतदान केंद्रों पर कार्यदिवस में बैठेंगे और मतदाता सूची का निःशुल्क प्रकाशन कराएंगे। इसके अलावा बीएलओ के पास भी मतदाता सूची में अपना नाम देख सकेंगे। राजधानी के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में स्थित 1556 मतदान केंद्रों के 4132 बूथों पर मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं। 16 अप्रैल के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र के वीआरसी पर सूची में नाम देख सकेंगे।

एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय ने मतदाता सूची का शुक्रवार को अंतिम प्रकाशन कर दिया है। यदि मतदाता सूची में नाम देखने और जुड़वाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सूची में अपना नाम निर्वाचन आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in पर या ceouttarpradesh.nic.in पर जाकर सर्विसेस टैब में जाकर सर्च योर नेम में देख सकते हैं।

### एसआईआर के बाद महिला मतदाताओं का अनुपात

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसआईआर के बाद 10 अप्रैल को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में महिला मतदाताओं का लिंगानुपात बढ़ा है। सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में 1000 पुरुषों पर औसतन 910 महिला मतदाता हैं। 27 अक्टूबर तक ये अनुपात 889 था। जिला निर्वाचन कार्यालय ने 902 का लक्ष्य रखा था। मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में लिंगानुपात 873 से घटकर 844 और मोहनलालगंज में यह 897 से कम होकर 854 हो गया है। बीकेटी में लिंगानुपात 892 से 896, सरोजनीनगर में 875 से बढ़कर 893 तो हुआ है लेकिन यह 902 के लक्ष्य से कम है। लखनऊ पूर्वी विधानसभा में महिला मतदाताओं का लिंगानुपात सबसे अधिक बढ़ा है। यह 916 से 975 हो गया है। लखनऊ कैंट में 890 से 952, लखनऊ मध्य में 904 से 950, लखनऊ उत्तर में 881 से 934 और लखनऊ पश्चिम विधानसभा में यह 881 से बढ़कर 934 हो गया है।

### 41246 युवा वोटर जुड़े

एसआईआर के बाद मतदाता सूची में 18-19 आयु वर्ग के 41246 नए वोटर जुड़े हैं। इनमें सबसे अधिक सरोजनीनगर विधानसभा में 6182, लखनऊ पश्चिम में 5958, बीकेटी में 5668, लखनऊ उत्तर में 4508, मलिहाबाद में 4269, मोहनलालगंज में 4158, लखनऊ पूर्व में 3924, लखनऊ मध्य में 3351 और लखनऊ कैंट में 3228 मतदाता शामिल हैं।

### 9 लाख वोटर हटाने पर उठाए सवाल

**अमृत विचार,लखनऊ :** कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण में लखनऊ में 9 लाख मतदाताओं के नाम काटने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध न होने से कई मतदाता शामिल नहीं हो सके। उन्होंने छूटे मतदाताओं के आवश्यक दस्तावेज लेकर सूची में जोड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि प्रारंभिक चरण में बीएलओ के पास 2003 की मूल सूची होती, तो जनता को इस समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

### शहर से तहसील ब्लॉक मुख्यालय तक चलेंगी मिनी बस

अमृत विचार, लखनऊः अगले माह से तहसील और ब्लॉक स्तर तक मिनी बस सेवाएं शुरू होने जा रही हैं। इस नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के लोगों को जिला मुख्यालय तक आने-जाने में बड़ी राहत मिलेगी। शुरुआती चरण में लखनऊ से मलिहाबाद, मोहनलालगंज, सरोजनीनगर और बख्शी का तालाब तक मिनी बसों के संचालन के लिए रूट तय करने के लिए सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। इस सर्वे में रूट, दूरी के अनुसार समय सारणी और किराया निर्धारित किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि मोहनलालगंज के लिए 3 और बीकेटी के लिए 2 रूट का सर्वे किया जा रहा है। जिला मुख्यालय से प्रत्येक तहसील तक मिनी बसें रोजाना तीन फेरे लगाएंगी।

**सिटी ब्रीफ**

### साइबर जालसाज ने युवक के खाते से उड़ाये 11.05 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर के विवेकानंदपुरी स्थित हाईराइज हाइट्स अपार्टमेंट निवासी कुमार विक्रम के मोबाइल पर 20 जून 2024 को मोबाइल पर 6 लाख रुपये ट्रांसफर का मैसेज आया। कस्टमर केयर से संपर्क करने पर पता चला कि 19 जून को उनके आईसीआईसीआई जानकीपुरम शाखा से 3.50 लाख, 1.50 लाख और 5 हजार रुपये निकाले जा चुके थे। आरोप है कि सूचना के बावजूद बैंक ने तुरंत कार्रवाई नहीं की। बैंक ने जांच के नाम पर खाते में 16.05 लाख रुपये की क्रेडिट लिमिट डाली, जिससे भरोसा बना। 17 सितंबर 2024 को बिना सूचना राशि वापस ले ली गई। शिकायत पर 18 दिसंबर 2024 को बैंक से मेल आया, जिसमें आधारहीन आरोप लगाने की बात कही गई। मेल में ट्रांजेक्शन को ग्राहक की गलती बताया, लेकिन कोई ठोस सबूत नहीं दिया। पीड़ित ने बैंक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए साइबर थाना और अधिकारियों से शिकायत की। कार्रवाई न होने पर कोर्ट में गुहार लगायी। आदेश पर जानकीपुरम पुलिस ने बैंक मैनेजर व स्टॉफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकीपुरम पुलिस ने बैंक मैनेजर, अज्ञात कर्मचारी व अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बुजुर्ग समेत दो के खाते से पार किए 1.36 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाज ने बुजुर्ग समेत दो के खाते से 1.36 लाख रुपये गायब कर दिए। कहीं जालसाज ने क्लोन बनाया तो कहीं परिचित बनकर फंसाया। साइबर ठगी के यह मामले चौक व पारा के हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। चौक स्थित महेंद्र अपार्टमेंट निवासी 73 वर्षीय अनिल कुमार मेहरोत्रा का खाता पीएनबी बैंक डालीगंज शाखा में है। 7 अप्रैल को साइबर जालसाज ने उनके खाते से 35,900 रुपये पार कर दिए। रुपये कटने का मैसेज देख बुजुर्ग के पैरों तले जमीन खिसक गयी। वहीं, पारा के बीबीखेड़ा निवासी सौरभ मिश्र का खाता एसबीआई में है। उन्होंने बताया कि उनके पास एक कॉल आयी। ट्रू-कॉलर पर विमलेश देवी लिखा था। फोनकर्ता ने परिचित बनकर कहा कि उनका साथी आईसीयू में भर्ती है। उसके खाते में रुपये भेजने हैं। आपके खाते में रुपये भेज रहे हैं, उधर भेज दीजिएगा। जालसाज ने फर्जी क्रेडिट मैसेज भेजकर एक लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। कॉल कटने के बाद पीड़ित ने खाता चेक किया तो ठगी का पता चला। पीड़ित ने पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### नकली सोना लेकर शोरूम पहुंची महिला पकड़ी गई

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** अर्जुनगंज स्थित श्री राधे ज्वैलर्स में नकली सोना देकर अंगूठी लेने पहुंची एक महिला को दुकानदार की सतर्कता से पकड़ लिया गया। आरोपी महिला को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सर्राफ व्यवसायी संजय निगम ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 12:15 बजे एक महिला करीब 4.090 ग्राम पुराना सोना (कान का झाला) बेचने के लिए आई। इसके बदले उसने 2.52 ग्राम की सोने की अंगूठी पसंद की। संदेह होने पर दुकानदार ने महिला से आधार कार्ड मांगा, लेकिन उसने देने से इनकार कर दिया। इस पर शक गहराने पर दुकानदार ने दिए गए सोने की जांच कराई, जो नकली निकला। सच्चाई सामने आते ही महिला मौके से भागने लगी, लेकिन दुकान में मौजूद महिला कर्मचारी ने उसे पकड़ लिया। सूचना पर डॉयल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को हिरासत में ले लिया।

# फैशन टीवी सैलून अकादमी के हजारों प्रमाण पत्र फर्जी

## फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 200 से अधिक लोगों से 500 करोड़ ठगे गए, लखनऊ, गोरखपुर व मुंबई समेत कई जगह एफआईआर

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचारः** फैशन टीवी समूह द्वारा एफ सैलून एकेडमी की लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) और उसके द्वारा हजारों छात्रों को दिये गये प्रमाण पत्र फर्जी है। इसके नाम पर टीवी समूह के अधिकारियों ने सैकड़ों लोगों से ठगी की है। शुरूआती जांच में यह आकंड़ा दो सौ से अधिक लोगों से करीब 500 करोड़ रुपये की ठगी का सामने आया है। इस मामले के मुख्य आरोपी व कंपनी का प्रबंध निदेशक काशिफ सरदार हाशिम खान मलिक उर्फ काशिफ खान को गोरखपुर पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि इस गिरोह ने देशभर में एफ सैलून एकेडमी एलएलपी के फ्रेंचाइजी के माध्यम से हजारों छात्रों को कंपनी की तरफ से प्रमाण पत्र जारी किये। गिरोह द्वारा जारी किये गये प्रमाण पत्र फर्जी होने की बात सामने आई है। पुलिस इसकी जांच करा रही है। अगर प्रमाण पत्र फर्जी पाये गये तो हजारों

**अमृत विचार Follow UP**

छात्रों के करियर, रोजगार व वर्षों की मेहनत पर पानी फिर सकता है। दिल्ली ट्रिब्यूनल द्वारा मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम की धारा 9 के अंतर्गत आदेश पहले ही पारित हो चुका है, जिसमें वैध प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दिया गया है। आदेश की जानबूझकर अवहेलना की गई आदेश के बाद भी छात्रों को अमान्य प्रमाणपत्र ही दिए जा रहे हैं।

पुलिस के सामने पीड़ितों ने जो साक्ष्य प्रस्तुत किये थे। उसमें काशिफ गिरोह वेबसाइट www.fashiontv.com पर एडम लिस्वोस्की के हस्ताक्षर वाला एक अधिकार पत्र हासिल किया। यह अधिकार पत्र बिना किसी लेटर हेड और बिना मुहर के जारी किया गया है। इसी प्रमाण पत्र में एक बिंदु दिए गए जिसमें मिचेल एडम के हस्ताक्षर के बिना कोई भी एग्रीमेंट वैध न होना बताया गया। इसके बाद भी काशिफ सभी एग्रीमेंट में सिर्फ अपने ही दस्तखत करता है। किसी भी एग्रीमेंट में एडम लिस्वोस्की उर्फ मिचेल एडम के दस्तखत नहीं है। काशिफ का फर्जीवाड़ा इसी से प्रमाणित हो रहा है। विवाद सामने आने पर दोनों एक दूसरे पर दोष मढ़कर बच निकलते हैं।

पुलिस के मुताबिक फैशन टीवी के प्रबंध निदेशक काशिफ सरदार हाशिम खान मलिक उर्फ काशिफ खान व उसके साथियों के खिलाफ यूपी, गुजरात, गोवा और महाराष्ट्रा के कई थानों में रिपोर्ट दर्ज है। यूपी के लखनऊ स्थित गोमतीनगर और गोरखपुर के तारामंडल थाने में रिपोर्ट दर्ज है। गोरखपुर तारामंडल की पुलिस ने काशिफ को मुंबई उसके आवास से गिरफ्तार किया है। एक सप्ताह पूर्व उसे ट्रांजिट रिमांड पर गोरखपुर लेकर पहुंची। उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। पुलिस आरोपी की कस्टडी रिमांड लेने की तैयारी कर रही है। ताकि यह पता चल सके कि यूपी में कितने कारोबारियों से फ्रेंचाइजी देने के नाम पर ठगी की है।

### रंजिश में ठेले में लगाई आग

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास चिल्लावां गांव निवासी एक व्यक्ति मजार के पास फल की दुकान लगाते है। रविचार तड़के किसी ने उनकी दुकान में आग लगा दी। जिससे उनके ठेले के साथ पास में खड़े करीब आधा दर्जन ठेले आग की चपेट में आ गए। आग की लपटों को देखकर लोगों ने कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही दमकल और पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने राहत कार्य शुरु करते हुए आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली।

# सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी और कारोबारी के घर लाखों की चोरी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- मकान मालिक गए थे गोवा, परिवार को सीतापुर छोड़ने गया था किराएदार
- फॉरेंसिक टीम ने की घटनास्थल पर छानबीन, गुडंबा थाने में कारोबारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** गुडंबा में चोरों ने रिटायर्ड बैंक अधिकारी और कारोबारी के बंद घर को निशाना बनाया। चोरों ने दोनों हिस्सों का ताला तोड़कर करीब 44 मिनट तक आलमारी और बेड को खंगाला। चोरों ने कारोबारी के हिस्से से नकदी व करीब 12 लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। वहीं, मकान मालिक के आने के बाद यह साफ होगा कि उनके यहां कितने की चोरी हुई है। ससुराल से शनिवार को लौटे कारोबारी ने घर में चोरी देख डॉयल-112 व मकान मालिक को सूचना दी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल पर पड़ताल की। इंस्पेक्टर गुडंबा अंजनी मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। सीसीटीवी कैमरे में तीन आरोपी कैद हुए हैं।

जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी मुकेश चंद्रा रिटायर्ड बैंक मैनेजर हैं। परिवार में पत्नी रुचि और बेटा हर्ष चंद्रा है। हर्ष हाईकोर्ट में अधिवक्ता है। मूल रूप से सीतापुर निवासी कारोबारी विनय कुमार अस्थाना पत्नी मंजू और दो बेटे श्रेयाश, शिवाय के साथ मकान के नीचे वाले हिस्से में रहते हैं। करीब सप्ताह भर पहले मकान मालिक परिवार संग गोआ गए थे। पीड़ित ने बताया कि पत्नी मंजू का मायका सीतापुर में है। ससुर को कैंसर की बीमारी है। वे 10 अप्रैल को पत्नी और बच्चों को छोड़ने सीतापुर गए थे।

11 अप्रैल की सुबह वह घर पहुंचे तो मेन गेट का ताला बंद था। उसे खोलकर वे घर के अंदर गए तो देखा कि कमरे का दरवाजे का ताला टूटा था। यह देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे में अंदर गए तो सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर 50 हजार रुपये और करीब 12 लाख के जेवर चोरी किए हैं। कारोबारी विनय ऊपर मकान मालिक के कमरे में गए तो वहां भी ताला टूटा मिला। चोरों ने उनके कमरे में लगे इंटरलॉक को तोड़कर अलमारी में रखे रुपये और जेवर पार कर दिए। कारोबारी ने घर में चोरी की जानकारी रिटायर्ड बैंक अधिकारी और पुलिस को दी। चोरी की सूचना पर गुडंबा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने पीड़ित कारोबारी से तहरीर लेकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। वहीं, रिटायर्ड बैंक अधिकारी के आने के बाद ही उनके घर में चोरी की सही जानकारी मिल पाएगी।



चोरी के बाद बिखरा सामान।

### कैमरे में दिखे तीन चोर, 44 मिनट में की वारदात

पीड़ित कारोबारी ने बताया कि आशंका है कि चोर मकान की दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए थे। वारदात के बाद चोर दीवार फांदकर ही भागे। आसपास के सीसीटीवी कैमरे में बाइक सवार तीन चोर कैद हुए हैं। बताया जा रहा है कि चोर पहले एक बाइक से आए और रेकी कर वापस चले गए। रात करीब 1:55 बजे चोर दोबारा बाइक से आए। घटनास्थल से दूर बाइक खड़ी कर दी। इसके बाद पैदल रिटायर्ड बैंक अधिकारी के घर तक गए। रात करीब 2:39 पर वापस आए और बाइक से तीन चले गए।

### सब जूनियर टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**अमृत विचार, लखनऊः** यूपी हॉकी सब जूनियर पुरुष टीम ने 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।फाइनल मैच में मध्य प्रदेश को 5-2 से पराजित किया। मैच के चौथे मिनट में केतन कुशवाहा ने फील्ड गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। 8वें मिनट में मध्य प्रदेश ने एक गोल कर स्कोर बराबरी की कोशिश की। इसके बाद उत्तर प्रदेश ने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। 13वें मिनट में नितीश यादव ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर टीम को फिर बढ़त दिलाई। 28वें मिनट में शाहरुख अली ने फील्ड गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। दूसरे हाफ के 35वें मिनट में प्रह्लाद राजभर ने फील्ड गोल कर चौथा गोल किया, जबकि 40वें मिनट में राघवेंद्र चौहान ने फील्ड गोल कर टीम को 5-1 की मजबूत बढ़त दिलाई।

# यज्ञसैनी वैश्य हलवाई सभा में फर्जीवाड़ा पूर्व अध्यक्ष समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- डीसीपी मध्य के आदेश पर हुसैनगंज पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** हुसैनगंज स्थित यज्ञसैनी वैश्य हलवाई सभा में फर्जीवाड़ा किया गया। उप मंत्री प्रवीण गुप्ता ने पूर्व अध्यक्ष व दो अन्य पर उनके हस्ताक्षर कर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है। डीसीपी मध्य से इसकी शिकायत की। उनके आदेश पर हुसैनगंज थाने में तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आलमबाग के कायमखेड़ा निवासी प्रवीण गुप्ता के मुताबिक यज्ञशैनी वैश्य हलवाई सभा के उपमंत्री है। उनकी संस्था का पंजीकरण डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी एवं चिट्स लखनऊ मंडल कार्यालय में 16 अप्रैल 1985 को हुआ था। वर्ष 2015 में संस्था का अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता को बनाया गया था। उन्होंने व पूर्व मंत्री नीरज गुप्ता ने 2020 से 2025 तक संस्था का नवीनीकरण कराया था। इस बीच जब नीरज ने ओमप्रकाश से हिसाब मांगा तो वह नहीं दे पाए थे। उन्होंने मंदिर के दानपात्र में भी धांधली की थी।

इस संबंध में ओमप्रकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया था। प्रवीण के मुताबिक जांच में समाने आया कि ओमप्रकाश गुप्ता, विनोद गुप्ता व रामकृष्ण गुप्ता ने 29 मई 2024 को उनके फर्जी हस्ताक्षर कर प्रबंध कार्यकारिणी समिति को रजिस्टर्ड कराने की कोशिश की। समिति के सदस्यों को हटाकर अपने परिजन को रख लिया।

उन्होंने नौ सितंबर 2024 को हुसैनगंज थाने में तहरीर दी। मगर कोई कार्रवाई नहीं। फिर आरोपी की दी गई कार्यकारिणी को रद कराया गया। प्रवीण डीसीपी मध्य से शिकायत की। एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह के मुताबिक पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, विनोद गुप्ता व रामकृष्ण गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# कंपनी के पूर्व निदेशकों ने किया लाखों का गबन

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- अवध रेल इंफ्रा लि. और रेडिएंट बिल्डकॉन प्रा. लि. में थे तैनात
- कंपनी के पैड चुराकर जाली हस्ताक्षर बनाने और फर्जी रसीदें जारी करने का आरोप

**अमृत विचारः** सरोजनीनगर इलाके के अमौसी औद्योगिक क्षेत्र स्थित अवध रेल इंफ्रा लि. और रेडिएंट बिल्डकॉन प्रा. लि. के दो पूर्व निदेशक पर गबन का आरोप लगा है। कंपनी के विधिक प्रबंधक अविनाश सिन्हा ने पूर्व निदेशक रोहित श्रीवास्तव और सुबोध कांत के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अवध रेल इंफ्रा लि. और रेडिएंट बिल्डकॉन प्रा. लि. के विधिक प्रबंधक अविनाश सिन्हा के मुताबिक पूर्व निदेशक रोहित श्रीवास्तव कंपनी में 27 नवंबर 2015 से 15 फरवरी 2024 तक निदेशक के रूप में कार्यरत रहे। उन्होंने अपने पद पर रहते हुए वित्तीय अनियमितताएं की। उन्होंने बिना किसी अधिकार के कंपनी के नाम पर 8.31 लाख रुपये सुबोध कांत के माध्यम से एक बैंक खाते में हासिल कर हड़प लिया।

यह धनराशि मनीष शुक्ला द्वारा पंजाब के प्रोजेक्ट मरीना हाइट्स में फ्लैट बुकिंग के नाम पर लिए गए। इसके लिए आरोपियों ने कंपनी के पैड चुराये, निदेशक के जाली हस्ताक्षर बनाया और फर्जी रसीदें जारी की। अविनाश सिन्हा के मुताबिक रोहित ने पूर्व में कंपनी के निदेशक रहते हुए निदेशकों के जाली हस्ताक्षर कर 18 रजिस्ट्रियां की थीं। इस मामले में रोहित श्रीवास्तव के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में पहले से ही जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज है, जिसमें आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है। अविनाश सिन्हा ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की। थाने से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था बबलू कुमार से शिकायत की। उनके आदेश पर सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निकाह का बनाया दबाव, छेड़छाड़ कर एसिड अटैक की दी धमकी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- विरोध पर महिला व परिवार को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** पारा में महिला से युवक ने छेड़छाड़ की। आरोपी ने निकाह का दबाव बनाया। इंकार पर पीछा कर परेशान किया। विरोध पर आरोपी ने पीड़िता व उसके घरवालों को पीटा। शिकायत पर आरोपियों ने एसिड अटैक व बच्ची को अगवा करने की धमकी दी। पारा पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय महिला ने बताया कि काशीराम कॉलोनी निवासी खालिद कुछ समय से उसका जीना दूभर कर दिया है। घर से बाहर निकलते ही आरोपी उसका पीछा करता है। विरोध करने पर निकाह का दबाव बनाता है। पीड़िता ने बताया कि 8 अप्रैल को वह ड्यूटी से घर आ रही थी। रास्ते से ही आरोपी ने उसका पीछा करना शुरु कर दिया। घर के पास पहुंचकर पीड़िता ने विरोध कर पुलिस में शिकायत की बात कही तो आरोपी ने मारपीट की। मारपीट देख पीड़िता के घरवाले दौड़े तो आरोपी ने उनपर भी हमला किया। आरोपी ने बच्ची को अगवा करने और पीड़िता पर एसिड अटैक की धमकी दी।

मोहल्लेवालों को आता देख आरोपी खालिद धमकाते हुए भाग निकला। पीड़िता ने पारा पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छेड़छाड़, मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नशीली कोल्डड्रिंक पिला बनाया वीडियो, ब्लैकमेल कर किया यौन शोषण

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- धमकाकर रुपये मांगने पर युवती ने मां को दी जानकारी
- मां की तहरीर पर पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज, किशोर को पकड़ा

**अमृत विचारः** इंस्टाग्राम पर अंजान ने दोस्त बनकर चैटिंग की। नंबर शेयर होने पर उनके बीच बातचीत होने लगी। आरोपी ने युवती को मिलने के लिए पार्क में बुलाया। वहां नशीला पेय पिलाकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। उसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी दी। ब्लैकमेल कर कई बार कमरे पर बुलाकर यौन शोषण किया। इसके बाद आरोपी ने रुपयों की मांग की। पीड़िता ने मां को सारी बात बतायी। मां की तहरीर पर पीजीआई पुलिस ने रिपोर्ट कर आरोपी को पकड़ लिया है। आरोपी नाबालिग है।

थाना क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय युवती ने बताया कि तीन माह पूर्व इंस्टाग्राम पद एक लड़के से दोस्ती हुई थी। बातचीत के बाद 4 अप्रैल को पार्क में मिलने बुलाया। वहां नशीला पेय पिलाकर दोस्त की मदद से अश्लील वीडियो बना लिया। होश आने पर सिर दर्द करने लगा, किसी तरह घर पहुंची। 5 अप्रैल को लड़के ने फोन किया और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। न मिलने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। दबाव बनाकर 7 अप्रैल को कमरे पर बुलाकर दुष्कर्म किया। लगातार धमकाकर कमरे पर बुलाकर शारीरिक शोषण करने लगा। फिर रुपयों की मांग की। रुपये न देने पर वीडियो वॉयरल करने की धमकी दी।

परेशान पीड़िता ने परिवारवालों को जानकारी दी। बेटी को लेकर मां पीजीआई थाने पहुंची। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी नाबालिग है। 10वीं की मार्कशीट के अनुसार उसकी उम्र 16 वर्ष है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसे बाल सुधार गृह भेजा जाएगा। आरोपी के साथी की तलाश की जा रही है।



### पड़ोसी अधेड़ ने विग लगाकर किए अश्लील इशारे, की छेड़छाड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर थाना क्षेत्र में युवती ने पड़ोसी अधेड़ पर छेड़छाड़ व अश्लील इशारे करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने विग पहनकर फिल्मी गानें गाते हुए अश्लील इशारे किए। शिकायत पर आरोपी व उसकी सपा नेता पत्नी ने धमकी दी। गाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मुलायमनगर निवासी 28 वर्षीय युवती ने बताया कि पड़ोस के एंक्लेव में अधेड़ अवनीश बर्मन रहते हैं। आरोप है कि अवनीश अक्सर छेड़छाड़ कर परेशान करता है। पीड़िता ने बताया कि 8 मार्च को अवनीश छत पर उसे देखकर विग लगाकर लव यू गाना गाने लगे। गंदे इशारे करने लगे। परेशान होकर युवती उनके मकान पर पहुंची और डोर बेल बजाई। इसपर अवनीश की पत्नी सिम्मी अंदर से चिल्लाने लगी। पीड़िता ने बोला कि आपके पति छेड़छाड़ कर परेशान करते हैं। इस पर सिम्मी व अवनीश ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं आरोपियों ने कुत्ता छोड़ने की धमकी दी। पीड़िता ने डॉयल-112 पर सूचना दी। पुलिस के सामने भी आरोपी सिम्मी ने खुद को सपा नेता व अधिवक्ता बताकर धमकाया। पीड़िता ने गाजीपुर थाने में शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने अवनीश बर्मन व सिम्मी के खिलाफ छेड़छाड़, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**आरोप** | महिला ने स्वास्थ्य विभाग और मानवाधिकार आयोग में की शिकायत

# निजी मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन के दौरान निकाले अंग

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- सीएमओ ने जांच के लिए केजीएमयू को सौंपा मामला

**अमृत विचार :** गुडंबा थाना क्षेत्र स्थित कुर्सी रोड के एक निजी मेडिकल कॉलेज पर इलाज के दौरान गंभीर लापरवाही बरतने और अंग निकालने का आरोप परिजन ने लगाया है। परिवारीजन ने स्वास्थ्य विभाग और मानवाधिकार आयोग में शिकायत की है। सीएमओ ने जांच के लिए केजीएमयू को पत्र लिखा है।

कुर्सी रोड के बेहटा पलका गांव निवासी ज्योति रावत ने बताया कि पति अनिल कुमार की पित्त की थैली में पथरी थी। उन्हें ऑपरेशन के लिए 25 अगस्त को निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। 27 अगस्त को डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया। डॉक्टर ने अगले ही दिन आंत कटने की बात कहकर दोबारा सर्जरी की जरूरत बताई। 28 अगस्त की रात शुरू हुआ दूसरा ऑपरेशन करीब 7 घंटे तक चला। ऑपरेशन के बाद हालत लगातार बिगड़ती गई और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। 30 अगस्त की रात उनकी मौत हो गई।

मृतक की पत्नी का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान शरीर के कई हिस्सों पर टांके लगाए गए थे, जिनमें पेट के मध्य भाग के अलावा लिवर और किडनी के आसपास भी निशान मिले। इससे संदेह है कि अंग निकालने में लापरवाही हुई, जिसके चलते मरीज की जान गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आंत कटने का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलने से संदेह गहरा गया है। ज्योति ने ने यह भी आरोप लगाया कि मरीज आयुष्मान कार्ड धारक था, इसके बावजूद अस्पताल ने करीब 30 हजार रुपये वसूल लिए। इतना ही नहीं, आयुष्मान योजना से भी राशि निकाली गई। पत्नी ने कहा कि, ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों से जानकारी मांगी तो वे बचते नजर आए। एक डॉक्टर ने कहा कि अगर नाम उजागर किया गया तो अस्पताल बंद हो सकता है। इस बातचीत की वीडियो क्लिप भी परिवार के पास मौजूद बताई जा रही है। मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त से की गई, जिसके बाद जांच सीएमओ कार्यालय को सौंपी गई। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) को पत्र भेजा गया है। विशेषज्ञों की टीम पोस्टमार्टम रिपोर्ट का गहन अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। अगर आरोप सही पाए गए तो संबंधित मेडिकल कॉलेज पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसजीपीजीआई के मेडिकल गैस प्लांट में वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों ने सेवाओं के नियमितीकरण को लेकर आवाज उठाई है। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उन्हें आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल किए जाने की मांग की है।कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से गैस प्लांट में कार्यरत हैं और कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में भी उन्होंने निरंतर अपनी सेवाएं दीं। वर्तमान में वे सिगमा मेडिटेक प्रालि. के तहत कार्य कर रहे हैं। प्लांट में कुल 52 कर्मचारी तैनात हैं, जो अपनी सेवाओं के बावजूद उचित लाभ से वंचित हैं। इस संबंध में कर्मचारियों ने पीजीआई के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी, लेकिन उन्हें बताया गया कि उनका अनुबंध अलग होने के कारण उन्हें आउटसोर्स सेवा निगम का लाभ नहीं मिल सकता।

# रिटायर्ड सिपाही के घर में लूटपाट

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- सआदगंज के वजीरबाग में दोपहर 12.30 बजे हुई घटना
- पीड़ित ने लगाया 80 हजार रुपये लूटने का आरोप, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचारः** सआदतगंज के वजीरबाग निवासी रिटायर्ड हेड कांस्टेबल नन्हा लाल के घर में दबंग भाई 20-25 साथियों संग घुस गये। दबंगों ने परिवार पर हमला किया। आरोप है कि पिटाई के बाद गल्ला खरीदने के लिए रखे गये 80 हजार रुपये लूट लिये। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हे। मामले में पीड़ित ने सआदतगंज थाने में तहरीर दी। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। पुलिस फुटेज खंगाल रही है।

सआदतगंज के वजीरबाग निवासी नन्हा लाल यूपी पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद से रिटायर्ड हैं। वह काफी बीमार रहते हैं। बेटे अमित कुमार के मुताबिक पिता के रिटायर्ड होने के बाद वह गल्ला खरीदने व बेचने का काम करने लगा। अमित के मुताबिक रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे घर के पास रहने वाले दबंग रजनेश कुमार और उनका भाई राजेश कुमार अपने साथ 20-25 लोगों को लेकर घर में जबरदस्ती दाखिल हो गया। विरोध करने पर परिवार के सदस्यों की पिटाई की। बीमार पिता नन्हा लाल को भी दबंगों ने मारापीटा। इस दौरान घर में गल्ला खरीदने के लिए रखे हुए 80 हजार रुपये लूट लिया। पीड़ित के मुताबिक पूरी घटना घर के अंदर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय पुलिस चौकी पर शिकायत की गई। वहां पुलिस ने कोई मदद नहीं की। आरोप है कि चौकी प्रभारी आरोपियों की मदद कर रहे हैं।

घटना के संबंध में सआदतगंज थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर सआदतगंज संतोष कुमार आर्य के मुताबिक तहरीर मिली है। बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों में काफी दिन से विवाद चल रहा है। इसी को लेकर दबंगों के घर में घुसकर मारपीट की घटना की जानकारी हुई है। लूट की घटना संदिग्ध लग रही है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### श्रीमद्भागवत कथा आज इस्कॉन मंदिर में

**अमृत विचार, लखनऊ:** इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने बताया कि 13 अप्रैल सोमवार को वरुथिनी एकादशी है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा द्वादशी प्रधान एकादशी का व्रत रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिसमें दशमी का लेश मात्र मिश्रण न हो उसमें व्रत जरूरी है। द्वादशी प्रधान एकादशी कृष्ण भावनामृत को बढ़ाने वाली और विशेष फल देने वाली है। एकादशी को अन्न ग्रहण नहीं करना चाहिए। प्रत्येक एकादशी को मंदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास इस्कॉन मन्दिर में भक्तों के लिए श्रीमद्भागवतम की कथा का आयोजन प्रातः 6:00 बजे करते हैं, जो भक्त मंदिर नहीं आ सकते वो ज़ूम के जरिये इससे सीधे जुड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि एकादशी व्रत रखने के साथ-साथ अगले दिन समय से व्रत का पारण किया जाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। व्रत पारण का समय 14 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 6:57 से 9:59 बजे तक होगा।

### गोमती में गिर रहे नालों को बंद करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ:** स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने रविवार को गोमती नदी स्वच्छता अभियान चलाकर 10 क्विंटल कचरा निकाला और गंदे पानी के 35 नालों को बंद करने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में सुबह लगभग 2 घंटे तक स्वच्छता अभियान चलाकर 10 क्विंटल से अधिक कचरा तथा सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मूर्तियों को नदी से बाहर निकाल कर निस्तारण के लिए नगर निगम को सौंपा। सुबह 5:30 बजे हनुमान सेतु के निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर चलाए गए अभियान में स्वयं सेवकों ने बड़ी मात्रा में पालीथीन एवं विसर्जन सामग्री एवं देवी देवताओं की सैकड़ों मूर्तियां नदी से निकालीं।

### कई विभूतियों को मिला सतरंगी सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** जेपीएस स्टार 11 की ओर से रविवार शाम वृंदावन योजना के मलिक काम्पलेक्स में आयोजित जीवन में खुशियों के रंग द फैमिली फेस्टिवल में अनेक विभूतियों को सतरंगी सम्मान दिया गया। अरविन्द सक्सेना ने के मलिक, प्रदीप श्रीवास्तव, अनिल कुमार, संजय खन्ना, अभिषेक, मनीषा यादव, ज़ेबा खान, सुमित सिंह, रमन दीक्षित, अनित, अमित, उजाला पाल और नेहा वर्मा को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए। मनीषा यादव के निर्देशन में घुंघरू डांस अकादमी के कलाकारों ने नृत्य किया। दिव्य आशीष योग संस्थान ने योग के प्रति जागरूक किया। आराध्या, अविका, आराधना, अनन्या और नित्या ने पर्वतीय नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी। इसके अलावा आराध्या, अविका और अनन्या ने घर मोरे परदेसिया एवं आराध्या और अविका ने कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति दी।

### समता अधिकार सम्मेलन में पारित किए 11 प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊ:** यूपी प्रेस क्लब में आयोजित समता अधिकार सम्मेलन में जाति जनगणना, निजी क्षेत्र में आरक्षण, महिला आरक्षण में ओबीसी कोटा और मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने समेत 11 प्रस्ताव पारित किए गए। वरिष्ठ पत्रकार अनिल चमड़िया ने कहा कि मनुवादी विचारधारा सामाजिक न्याय को कमजोर करने के लिए सांप्रदायिकता का सहारा लेती है और नई पीढ़ी को निशाना बना रही है। रिंकू यादव ने सामाजिक न्याय की लड़ाई में शोषित जातियों को वर्ग के रूप में संगठित करने और आबादी के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रो. राजेंद्र वर्मा ने न्यायपालिका पर मनुवादी व्यवस्था के समर्थन का आरोप लगाया। मुहम्मद शोएब ने सांप्रदायिकता और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष तेज करने की अपील की।

# दृश्य में दिखीं स्मृतियां, संवेदनाएं और संघर्ष

## कलरव, आइसा और जन संस्कृति मंच की ओर से लाल बारादरी में लगी प्रदर्शनी में 40 कलाकारों की कृतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में लगी प्रदर्शनी में चित्र देखतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में रविवार को कला दृश्य प्रदर्शनी शुरू हुई। इसमें कला को केवल दृश्य अनुभव के रूप में नहीं बल्कि अपने समय की स्मृतियों, संघर्षों, संवेदनाओं और जनप्रतिरोध की भाषा के रूप में सामने रखा। बड़ी संख्या में कलाकारों, विद्यार्थियों, सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और नागरिकों ने कृतियों को देखा।

कलरव, आइसा और जन संस्कृति मंच के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. लालजीत अहीर ने किया। उन्होंने युवा कलाकारों की सृजनात्मक ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा कि कला समाज की चेतना को आकार देती है और आने वाले समय की सांस्कृतिक दिशा तय करती है। अध्यक्षीय वक्तव्य में सुशील कनौजिया ने कला और बाजार के जटिल संबंधों पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि बाजारवाद से कलाकार को खतरा रहता ही है। जितने संस्थान हैं, वे आपकी कला का प्रदर्शन कर सकते हैं, संरक्षण नहीं। संरक्षण कलाकार को खुद करना होगा। सत्र की अध्यक्षता मूर्तिकार सुशील कनौजिया ने की, जबकि कला समीक्षक शहंशाह हुसैन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कलरव की ओर से अतुल, पूर्वी, नीरज, रुक्मणी और जान्हवी, आइसा की ओर से शांतम निधि तथा जन संस्कृति मंच की ओर से सुचित माथुर और प्रो. धर्मेंद्र कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जसम लखनऊ के सचिव फरजाना महदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### प्रदर्शनी में 78 कलाकृतियां प्रदर्शित

- चित्रकला, वस्त्र कला और मूर्तिकला की 78 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। अविंदा, थिलिनी, रमणन, श्रद्धा, पूर्वी, विवेकानंद, अवंतिका, गोल्डी, रुद्र, निखिल, प्रवेश, असिथा, चनवेरा, कृष्णा, शालू, रुक्मणी, सृष्टि, मरीशा, सुमन कुमारी, खुशी वर्मा (टेक्सटाइल), माही अग्रवाल, वंदना, अनुराग, दिव्यांशी, अंशिका गोयल, हिमांशु गोयल, जान्हवी, खुशी सिंह, नीरज, तुषार गोयल, यश पाल, उमरा, वैशाली, वेदांत, इशिता, राधा, ऋषि, रुपाली गौतम, हिमांशु प्रताप, सबा कौशर, आलोक, अतुल, हेमंत, स्वप्निल मौर्य, अनिकेत पटेल, नेहा सिंह समेत 46 कलाकारों ने भाग लिया है।

# रीमिक्स के दौर में सुपरहिट फिल्मी गीतों ने मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिवांजना और भारतीयम् की सिम्फोरिया म्यूजिकल नाइट

**अमृत विचार:** शिवांजना और भारतीयम् के सिम्फोरिया म्यूजिकल नाइट में लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के सुमधुर गीतों ने फिल्मी जगत के गोल्डन संगीत युग को जीवंत किया। अमित श्रीवास्तव और राजीव रंजन द्वारा इस यादगार शाम का आयोजन सीतापुर रोड स्थित प्रॉमिनेंट मॉल में किया गया था। रीमिक्स के दौर में सुपरहिट फिल्मी गीतों के मूल स्वरूप ने संगीत प्रेमियों को अपना मुरीद बना लिया।

वर्ष 1984 से संगीत के क्षेत्र में स्थापित वायलेंट द म्यूजिकल बैंड के कलाकारों ने इस यादगार शाम को सजाया। इस शाम में खासतौर से मुम्बई से गायक आलोक काटदरे और गुल सक्सेना के साथ मशहूर ड्रमर जॉन टी हंट को आमंत्रित किया गया था। जॉन टी हंट ने आरडी बर्मन और जतिन ललित के कई गानों को अपनी बेहतरीन ड्रमिंग से संवारा है। इसमें आलोक काटदरे और गुल सक्सेना के साथ लखनऊ के गायक कुलदीप चौहान और दिव्यांशी मौर्या ने इस शाम को लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के कई सदाबहार गीतों को सुनाकर यादगार बना दिया।

सोलो गायन की बात करें तो गुल सक्सेना ने सत्यम शिवम सुंदरम, तेरे मेरे बीच में, आ जाने जा, हवा हवाई, एक दो तीन, आलोक काटदरे ने मेरी उमर के नौजवानों, मैं आया हूं ले के साज, हाल क्या है दिलों का, एक हसीना थी, कुलदीप चौहान ने चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे, मस्त बहारों का मैं आशिक, पर्दा है पर्दा और दिव्यांशी मौर्या ने मेरे नसीब में तू है कि नहीं, बिन्दिया चमकेगी सुनाकर सीधे दर्शकों के दिलों पर सुरों की शीतल बरसात की।



भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह में नाटक दूतवाक्यम का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# नाटक दूतवाक्यम में दिखा दुर्योधन का अहंकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह के अंतिम दिन वाराणसी की नाट्य संस्था गौरी कला मंडप ने नाटक दूतवाक्यम का मंचन किया गया। महाकवि भास लिखित इस नाटक का निर्देशन डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने किया।

दूतवाक्यम महाभारत से पहले के उस निर्णयक क्षण को दर्शाता है, जिसमें कृष्ण शांति दूत के रूप में हस्तिनापुर जाते हैं। कौरवों से पांडवों के साथ न्याय करने का सन्देश देते हैं, लेकिन अहंकार से भरा दुर्योधन उनका प्रस्ताव को ठुकरा देता है। कृष्ण दुर्योधन को युद्ध की विभीषिका समझाने की कोशिश करते हैं। इस पर दुर्योधन कृष्ण को बंदी बना लेने का आदेश देता है। दुर्योधन के सेवक बंदी बनाने नहीं बना पाते तो दुर्योधन खुद आगे बढ़ता है, लेकिन जब वह कृष्ण के पास पहुंचता है वह दूसरे स्थान पर नजर आते हैं। दौड़ते-दौड़ते वो थक जाता है। दुर्योधन के अहंकार से नाराज कृष्ण सुदर्शन चक्र का आह्वान करते हैं। कृष्ण की तमाम शक्तियां दुर्योधन को सजा देने के लिए पहुंच जाती हैं। दुर्योधन मौत के द्वार पर पहुंच जाता है तो युधिष्ठर हाथ जोड़कर दुर्योधन की प्राण रक्षा की भीख मांगते हैं। तब कृष्ण उसे क्षमा कर देते हैं। कृष्ण के रूप में ऋत्विक सिंह ने शानदार अभिनय किया। आयुष साहू, अमित सिंह, बृजमोहन, अमृत मिश्रा, ज्योति, ईशा गुप्ता, नेहा शर्मा, अत्रिका वाजपेयी, संगम संज्ञा, शिवानी और यशदीप की भूमिकाएं निभाईं।

# मुसलमान इल्म की कीमत को समझें

## मदरसा हिदायत-उल-उलूम के जलसे में हसनी नदवी ने दी नसीहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नदवत-उल-उलूम के जनरल सेक्रेटरी मौलाना सैयद अम्मार हसनी नदवी ने मदरसा हिदायत-उल-उलूम के सालाना दस्तारबंदी जलसे में कहा कि मुसलमानों को इल्म की कीमत समझनी चाहिए। उसकी अहमियत समझनी चाहिए। नास्तिकता की खबरें चिंता की बात हैं। इसलिए दीनी इल्म और घर की तालीम की अहमियत पर पहले से ज़्यादा ध्यान देने की ज़रूरत है। कोई भी लड़का या लड़की इल्म से महरूम न रहे। अपने बच्चों को स्कूल भेजें ताकि वे दीन, अकीदत और इस्लाम की बेसिक बातें सीख सकें।

जलसे के मुख्य अतिथि मौलाना याहया नोमानी नदवी ने कहा कि जो इंसान ये जानता है कि अल्लाह कौन है और मुहम्मद कौन हैं, जो ईमान लाए और उस पर पक्का रहे वही वास्तव में मुसलमान है। अगर कोई इस बुनियाद को नहीं जानता तो वो मुसलमान नहीं है। हर मुसलमान लड़के और लड़की को इस्लाम की बेसिक शिक्षा और ज़रूरी शिक्षाओं का जानकार होना चाहिए। हमारे स्कूल और मदरसे इसी मकसद के लिए हैं।

जलसे के संरक्षक मौलाना सईद अतहर कासमी ने कहा कि स्कूलों का सिस्टम असल में नई पीढ़ी को उनके ईमान और आखिरत में कामयाबी के लिए तालीम और ट्रेनिंग देने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि तालीम और ट्रेनिंग में टीचरों के अलावा माता-पिता का भी फ़र्ज़ है कि वे अपने बच्चों के हक़ को पहचानें। मौलाना अब्दुल्ला बस्तवी ने कहा कि इस मदरसे की बुनियाद मौलाना अबुल हसन अली नदवी ने रखी थी। आज हमारे सामने जो नज़ारा है, वह इन्हीं विद्वानों और उनकी दुआओं का नतीजा है कि बच्चे यहां तालीम हासिल कर रहे हैं।

मौलाना मुफ़्ती इरफ़ान नदवी और मुफ़्ती शाहिदुल इस्लाम ने भी जलसे को संबोधित किया। मदरसे के नाज़िम मुहम्मद वसी सिद्दीकी को मौलाना अम्मार हसनी नदवी ने समाज सेवा अवॉर्ड दिया। इस मौके पर शिक्षकों और अधीक्षक को भी अवॉर्ड दिया गया। मदरसे के अधीक्षक मौलाना मुफ़्ती मुहम्मद अरशद नदवी ने सालाना रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि इस साल छह बच्चों ने कुरान हिफ़्ज़ किया, उनके पगड़ी बांधी गई। अलग-अलग कक्षाओं के 50 बच्चों को पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार मिला। दो साल के इस्लामी.डिप्लोमा कोर्स में 10 लड़कियों ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। जलसे में इलाके और आस-पास के इलाकों के जानकारों के साथ-साथ मदरसे के शिक्षक भी शामिल हुए।

# मुस्लिम उर्दू को लिखवाएं मातृभाषा

## जनगणना को लेकर मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने दी सलाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऐशबाग ईदगाह के इमाम और इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने मुसलमानों को सलाह दी है कि वह जनगणना में गंभीरता और उत्साह के साथ हिस्सा लें। जनगणना फॉर्म में धर्म और मातृभाषा के कॉलम को बहुत सावधानी और अहमियत के साथ भरें। जब सरकारी कर्मचारी आएं तो धर्म के खाने में इस्लाम और मातृभाषा के खाने में उर्दू लिखवाएं।

उन्होंने कहा कि उर्दू हमारी संस्कृति, हमारी पहचान, हमारी विरासत और हमारी ताकत है। हमारे देश में इस्लाम को मानने वालों की बहुत बड़ी संख्या आबाद है। इसी तरह देश के एक बड़े हिस्से की मातृभाषा उर्दू है। जब हम अपने धर्म और भाषा के सही आंकड़े दर्ज करवाएंगे, तभी सरकार के पास हमारी सही जानकारी पहुंचेगी। इसी जानकारी के आधार पर हमारे धर्म और हमारी जबान की हिफाजत और तरक्की के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी।



आलमबाग सिख समाज की बैठक में मौजूद लोग।

### सिखों से शुरू किया जनगणना अभियान

- **अमृत विचार, आलमबाग:** कृष्णा नगर के कानपुर रोड बल्दी खेड़ा में स्थित एक निजी होटल में में रविवार सिक्खी मेरी पहचान संस्था ने बैसाखी पर्व का आयोजन किया। इसमें समाज के वरिष्ठजनों ने जनगणना एवं जागरूकता अभियान भी शुरू किया। अध्यक्षता कर रहे दिलप्रीत सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सिखों की संख्या कितनी है, इसकी सही गणना नहीं मिल पा रही है। इसी उद्देश्य से जनगणना और जागरूकता अभियान का शुभारंभ इस बैसाखी पर किया जा रहा है। संस्था के वालिंटियर प्रदेश के सभी गुरुद्वारों में संपर्क कर सिखों की सही जानकारी हासिल करेंगे। डोर टू डोर जाकर सिखों को जागरूक किया जाएगा और नए वोटर भी बनाए जाएंगे। इससे सिख समाज संगठित हो सकेगा। भारतीय सिख संगठन के अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह मौजूद रहे।

### विकसित भारत के लिए समावेशी विकास जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में चार दिवसीय 'अम्बेडकर जयंती' एवं 'विश्वविद्यालय स्थापना दिवस' समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को 'समावेशी विकास, विधिक संवैधानिक, सामाजिक और आर्थिक आयामः बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की दृष्टि में' विषय में एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। मुख्य अतिथि प्रो. सतीश चन्द्र द्विवेदी, पूर्व राज्यमंत्री, बेसिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार), उत्तर प्रदेश सरकार उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी





शिविर में मौजूद संस्थान के निदेशक व अन्य।

### शिविर में किया स्वास्थ्य परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मगहुआं कला में स्वास्थ्य सेवा शिविर लगायागया। कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान, नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (अवध प्रांत), सेवा भारती एवं युवराष्ट्र के प्रयास से लगाए गए शिविर में डॉ. अभिषेक पांडेय, डॉ. भावना, डॉ. उमर, वैज्ञानिक सी. रोहित सिंह, नर्सिंग अधिकारी प्रिया सचान एवं एमएसडब्ल्यू भानु प्रताप सिंह व स्वास्थ्यकर्मियों ने सैकड़ों लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग, रक्तचाप (बीपी) एवं ब्लड शुगर की जांच, दंत परीक्षण तथा ब्रेस्ट एग्जामिनेशन (स्तन जांच) की जांच की।नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। विशेष रूप से कैंसर उपचार के पश्चात फॉलो-अप के लिए आए मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट, पब्लिक हेल्थ विभागाध्यक्ष डॉ. आयुष लोहिया, ग्राम प्रधान शोभा देवी एवं प्रधान प्रतिनिधि राम देव मौजूद रहे।



पाठशाला में नृत्य करते बच्चे।

### अभिनय और नृत्य के गुर सीखे

**अमृत विचार, लखनऊ:** मदर सेवा संस्थान की ओर से चबूतरा थियेटर पाठशाला का वाल्मीकि पार्क, महामाया नगर, तकरोही, इंदिरा नगर में शुभारंभ किया गया। इसमें फिल्म अभिनेता और युवा रंगकर्मी महेश चंद्र देवा ने बच्चों को अभिनय की प्राथमिक जानकारी दी। मिरर एक्सरसाइज से बच्चों को फेस एक्सप्रेशन की जानकारी दी गई। बच्चों में जंगल टॉक की रिहर्सल कराई। कथक नृत्यांगना रजनी वर्मा ने 5 से 15 साल के प्रतिभागियों को लोक नृत्य के बारे में बताया। गायन का आशीष शर्मा ने अभ्यास कराया। देवा ने बताया कि संस्थान अपना तीन दिवसीय नाट्य समारोह जून में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में करेगा। महर्षि वाल्मीकि निर्धन कन्या विवाह समिति के अध्यक्ष राजेश पुजारी, पूर्व पार्षद कांशीराम, एडवोकेट परशुराम कनौजिया आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल पूजा शुक्ला, ममता त्रिपाठी व अन्य।

### फैजुल्लागंज में शोभायात्रा निकाली

**अमृत विचार, लखनऊ:** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को फैजुल्लागंज क्षेत्र में बाल महिला सेवा संगठन एवं ब्राह्मण परिवार लखनऊ (भारत) रजि. ने केशव नगर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से श्री संकट हरण मंदिर तक शोभायात्रा निकाली। शंखनाद, घंटा-घड़ियाल और 'जय श्री परशुराम' के जयघोष के बीच निकली इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति और युवा शामिल हुए। शुरुआत सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता पूजा शुक्ला ने की। संगठन की अध्यक्ष ममता त्रिपाठी, प्रदेश महासचिव राकेश पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे। पूजा शुक्ला ने कहा कि भगवान परशुराम शौर्य, तप और धर्म-रक्षा के प्रतीक हैं।



हज यात्री को वैक्सीन लगाते चिकित्साकर्मी और मौजूद लोग।

### हज यात्रियों को लगी वैक्सीन

**अमृत विचार, लखनऊ:** ऐशबाग ईदगाह के तैय्यब हाल में रविवार को हज-2026 के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इसमें हज यात्रियों को वैक्सीन भी लगाई गई। मिर्जा टूर्स एंड ट्रेवेल्स की ओर से लगाये गए इस शिविर में इस्लामिक विद्वानों ने बताया कि हज इस्लाम का जरूरी स्तम्भ है, इसलिए हज पर जाने से पहले जानकारों से इसका प्रशिक्षण लेना जरूरी है।

## वीरगाथा

32 मिनट के शो में कर्नल नरेंद्र कुमार, ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के शौर्य व पराक्रम को भी दर्शाया गया

# युद्ध स्मृतिका पर हुआ लेजर लाइट और साउंड शो



लेजर शोर में जगमगाती युद्ध स्मृतिका।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** छावनी स्थित युद्ध स्मृतिका पर रविवार को मध्य कमान की ओर से लेजर लाइट एवं साउंड शो की स्पेशल स्क्रीनिंग की गई। रंग-बिरंगी रोशनी में भारतीय सेना के आधुनिकीकरण को देख दर्शक गदगद हो गए। गैलेंट्री अवार्डी नायक जदुनाथ सिंह, हवलदार अब्दुल हमीद, कैप्टन मनोज पांडेय, ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के शौर्य व पराक्रम ने भावुक किया तो आधुनिकीकरण ने सीना चौड़ा कर दिया। 32 मिनट का शो चार भागों में दिखाया गया। महानायक अमिताभ बच्चन के वायसओवर पर आधारित रहा। कर्नल नरेंद्र कुमार, ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के शौर्य व पराक्रम को भी दर्शाया गया। दर्शकों ने बंकर, म्यूरल्स, सेल्फी प्वाइंट आदि का लुत्फ उठाया। आधुनिकीकरण में दर्शाया कि कैसे सेना भविष्य के संभावित युद्धों के लिए तैयारी करती है। युद्ध स्मृतिका पर बना बंकर आकर्षण रहा। दर्शकों ने सेना को समझा और करीब से जाना कि कैसे जवान सीमा पर देश की रक्षा करते हैं। बताया कि इस तरह के बंकर जम्मू-कश्मीर जैसे क्षेत्र में बनते हैं।

### एएमसी के सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

- **अमृत विचार, लखनऊ:** सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, महानिदेशक चिकित्सा सेवा नौसेना ने आर्मी मेडिकल कोर केंद्र और कॉलेज का दौरा किया। इस दौरान लखनऊ छावनी स्थित एएमसी युद्ध स्मारक ''श्रद्धांजलि'' पर माल्यार्पण कर एएमसी के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह, एवीएसएम, कमांडेंट एएमसी केंद्र रहे। समारोह में आर्मी मेडिकल कोर के अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों, जवानों और रंगरूटों ने भाग लिया।

अमृत विचार
लखनऊ, सोमवार, 13 अप्रैल 2026







गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के मैच से पहले अटल बिहारी इकाना स्टेडियम बाहर मैच के पहले तिरंगा पगड़ी और गालो में टैटू बनवाकर खुशी का इजहार करते दर्शक और खुद को अपने मोबाइल कैमरे में कैद करता युगल। अमृत विचार

# बटलर का बल्ला चला, गिल ने जीता दिल

## अटल बिहारी इकाना स्टेडियम में तेज धूप में उमड़ी दर्शकों की भीड़ ने चौके-छक्कों पर खूब बजाई तालियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अटल बिहारी इकाना स्टेडियम में रविवार को क्रिकेट गुजरात टाइटन्स के जोश बटलर का बल्ला खूब चला तो कप्तान शुभगम गिल ने भी दिल जीत लेने वाली पारी खेली। इन दोनों खिलाड़ियों की ताबड़तोड़ साझेदारी ने मेजबान लखनऊ को एक बार फिर उसी के मैदान पर धूल चटा दी। गुजरात ने लखनऊ को 7 विकेट से हराकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इसके पहले 69 रन पर तीसरा विकेट गिरने के बाद लखनऊ की पारी लड़खड़ाने लगी। आयुष बदोनी (9) और निकोलस पूरन (19) ने पारी को गति देने की कोशिश की, लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा ने एक ही स्पेल में दोनों को आउट कर लखनऊ की कमर तोड़ दी। 14.3 ओवर में 109 रन पर पांच विकेट गिर जाने के बाद रन गति काफी धीमी हो गई। अब्दुल समद और मुकुल चौधरी ने 18-18 रनों का योगदान देकर टीम को 130 के पार पहुंचाया, लेकिन अशोक शर्मा ने इस साझेदारी को तोड़ दिया।

एक समय जब लग रहा था कि लखनऊ 150 के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाएगी, तब अंत में जॉर्ज लिंडे (16 रन) और मोहम्मद शमी ने मोर्चा संभाला। शमी ने मात्र पांच गेंदों में 12 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसमें एक गगनचुंबी छक्का शामिल था। आखिरी गेंद पर आवेश खान ने भी चौका जड़कर टीम के स्कोर को 164 तक पहुंचाया। गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा सबसे सफल रहे, वहीं मोहम्मद सिराज ने 4.75 की इकॉनमी से सबसे किफायती गेंदबाजी की।

लखनऊ सुपर जायंट्स ने 8 विकेट पर 164 रनों का स्कोर खड़ा किया। एडन मारक्रम की आतिशी पारी ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लखनऊ की ओर से लगे 8 छक्कों और 17 चौकों पर स्टेडियम में लगे हाईवोल्टेज स्पीकर्स से जब 'यूपी वाला ठुमका लगाऊं' जैसे गाने गूंजे, तो दर्शक दीर्घा में जमकर थिरके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की ओर से शुभमन गिल ने ऐसी बल्लेबाजी की कि लखनऊ के प्रशंसक भी ''वंस मोर'' चिल्लाने लगे। गिल ने महज 34 गेंदों में 50 रन ठोककर टीम को जीत दिला दी। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत से फैंस को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन 27 करोड़ की रिकॉर्ड बोली वाले इस खिलाड़ी का बल्ला इकाना में एक बार फिर खामोश रहा। पंत ने शुरुआत तो आक्रामक की, लेकिन 11 गेंदों में मात्र 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मैदान और उसके बाहर, गेट नंबर-2 पर प्रशंसकों के बीच नारों की जंग छिड़ी रही। एलएसजी के समर्थकों ने नारा बुलंद किया— इकाना-लखनऊ का पुराना है साथ, गुजरात की नहीं बनेगी बात, तो गुजरात के फैंस ने भी पलटवार करते हुए जीतेगा भाई जीतेगा, गुजरात जीतेगा के नारों ने माहौल गरमाए रखा।



धुआंधार पारी के दौरान शॉट लगाने के बाद एक दूसरे को बधाई देते बटलर और गिल। अमृत विचार

### सिलेंडर बेचकर देखने आए मैच

- स्टेडियम में केवल चौके-छक्कों के पोस्टर ही नहीं, बल्कि कुछ अतरंगी संदेश भी दिखे। एक दर्शक का पोस्टर "घर में गैस नहीं, सिलेंडर बेचकर मैच देखने आए हैं" सोशल मीडिया और स्टेडियम में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं, वीआईपी बॉक्स में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर और उनकी भाभी सानिया (अर्जुन तेंदुलकर की पत्नी) एलएसजी को सपोर्ट करती नजर आईं। सानिया अपनी टीम की जर्सी में पूरी तरह क्रिकेट के रंग में रंगी थीं।

### टीम की जीत सर्वोपरि, निरंतरता पर फोकस: प्रसिद्ध कृष्णा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** व्यक्तिगत प्रदर्शन से ज्यादा टीम की जीत अहम है। यह कहना था गुजरात टाइटंस के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का। मैच के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कृष्णा ने कहा कि चार मैचों में 10 विकेट लेने से अधिक जरूरी टीम की जीत है। पिच को लेकर उन्होंने बताया कि यह बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण थी। अगर लाइन-लेंथ सही न हो, तो रन पड़ना तय है, खासकर पावरप्ले में। उन्होंने कहा कि शॉर्ट बॉल और बाउंसर के बढ़ते इस्तेमाल पर रणनीति का हिस्सा है। यॉर्कर, लेंथ बॉल और स्लोअर गेंदों का संतुलन जरूरी है। कोच खेरा की भूमिका पर कृष्णा ने कहा कि अनुभवी कोच खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत कराते हैं। मैदान के बाहर भी उनके अनुभव हमारे लिए बेहद उपयोगी हैं। फिटनेस पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि घरेलू सीजन खेलने से शरीर बेहतर कंडीशन में रहता है, जिससे प्रदर्शन में निरंतरता आती है। टी20 में महंगे स्पेल पर उन्होंने कहा कि यह 'मोमेंट्स' का खेल है, अंतिम ओवर में मैच जिताना ज्यादा मायने रखता है।



### निकोलस पूरन जल्द करेंगे फार्म में वापसी: केन विलियमसन

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ सुपर जायंट्स के रणनीतिक सलाहकार केन विलियमसन ने कहा कि निकोलस पूरन एक दमदार बल्लेबाज हैं। आज भी उन्होंने लय पकड़ ली थी लेकिन यह क्रिकेट है, कुछ भी हो सकता है। निकोलस जल्द ही बड़ी पारियां खेलते नजर आयेंगे। मैच के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि जहां अन्य मैदानों पर बड़े स्कोर बन रहे हैं, वहीं हम घरेलू प्रदर्शन में लय में नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज दिन का मैच होने के कारण पिच धीमी थी। विपक्षी टीम ने हमारे टॉप ऑर्डर को स्लो बाउंसर से निशाना बनाया, जिसे खेलना यहां कठिन था। हमें ऐसी पिचों पर रन बनाने के लिए नए और प्रभावी तरीके खोजने होंगे। निकोलस पूरन के फॉर्म पर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए उन्होंने उन्हें विश्व स्तरीय खिलाड़ी बताया और कहा कि वे लय हासिल करने के बेहद करीब हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने खेल की रणनीति बदल दी है, जिससे बल्लेबाजों को आते ही आक्रामक रुख अपनाना पड़ता है।



### दिवंगत पत्रकार संतोष सूरी को दी गई श्रद्धांजलि

- मैच शुरू होने से पहले मीडिया बॉक्स में वरिष्ठ खेल पत्रकार संतोष सूरी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, यूपीसीए सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता और इकाना के एमडी उदय सिन्हा ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। राजीव शुक्ला ने कहा कि खेल पत्रकारिता के क्षेत्र में संतोष सूरी का योगदान अतुलनीय है और उनका जाना खेल जगत के लिए एक बड़ी क्षति है।

# यूपी प्रो हैंडबॉल लीग में नोएडा ब्लास्टर्स ने किया उलटफेर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अजेय चल रही काशी किंग्स टीम 36-24 के अंतर से पराजित

**अमृत विचार:** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेली जा रही यूपी प्रो हैंडबॉल लीग में रविवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। नोएडा ब्लास्टर्स ने शानदार खेल दिखाया और अब तक अजेय चल रही काशी किंग्स को 36-24 के बड़े अंतर से शिकस्त दी।

पहले हॉफ से ही नोएडा ब्लास्टर्स ने 15-11 की बढ़त बनाकर दबदबा कायम रखा। टीम की जीत में तौसीफ (8 गोल) और जगमीत (7 गोल) ने मुख्य भूमिका निभाई। काशी किंग्स की ओर से मोहित ने 6 गोल किए, लेकिन वे टीम को हार से नहीं बचा सके। नोएडा के ध्रुव जाधव को ''मोस्ट वैल्यूबिल प्लेयर'' चुना गया। अन्य मैचों में गोरखपुर राउडीज ने बर्बरीक वारियर्स को 29-18 से हराकर लीग में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। किशन को उनके शानदार 9 गोलों के लिए प्लेयर ऑफ द मैच मिला। मथुरा ब्रज स्टार ने गाजियाबाद पैंथर्स को 29-18 से मात देकर जोरदार वापसी की। इस दौरान मथुरा के निहाल सिंह ने सबसे ज्यादा 8 गोल दागे।

मैचों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान और टाटा कैपिटल के नेशनल हेड विजय काजा सहित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर लीग के संस्थापक अमित पाण्डेय मौजूद रहे।



केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मैच के दौरान गोल करता खिलाड़ी। अमृत विचार

# न्यूरोसर्जरी की नई तकनीकों पर किया गया मंथन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के न्यूरोसर्जरी विभाग की ओर से 8वें डीके छाबड़ा एवं वीके जैन ओरेशन का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रमुख न्यूरोसर्जनों ने भाग लेकर आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. एसएस काले (पूर्व, एम्स दिल्ली) और डॉ. अतुल गोयल ने क्रेनियोवर्टेब्रल विसंगतियों की जटिल शल्य चिकित्सा और न्यूनतम आक्रामक स्पाइन सर्जरी की नवीनतम तकनीकों को साझा किया।

विशेषज्ञों ने इन तकनीकों को मरीजों के लिए अधिक सुरक्षित और प्रभावी बताया। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने न्यूरोसर्जरी विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान में जल्द ही गामा नाइफ सेंटर और चतुर्थक स्वास्थ्य सेवा केंद्र की शुरुआत की जाएगी, जिससे जटिल न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के उपचार में और सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार जायसवाल के साथ डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव, डॉ. पवन कुमार वर्मा और डॉ. आशुतोष कुमार ने भी आधुनिक उपचार पद्धतियों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर केजीएमयू के एनाटॉमी विभाग के सहयोग से आयोजित कैडवेरिक कार्यशाला में डॉक्टरों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उन्हें जटिल सर्जरी तकनीकों को समझने का अवसर मिला।

चिकित्सा

जटिल प्रसव प्रबंधन, पीपीएच नियंत्रण और उच्च जोखिम गर्भावस्था पर केंद्रित रहा प्रशिक्षण

# जटिल प्रसवों के प्रभावी प्रबंधन पर विशेष दिया गया जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** फॉग्सी आर्ट ऑफ बर्थिंग कॉन्क्लेव 2026 के तीसरे एवं अंतिम दिन सुरक्षित प्रसव, सामान्य डिलीवरी को बढ़ावा देने, जटिल प्रसवों के प्रभावी प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रसवोत्तर रक्तस्राव (पीपीएच) नियंत्रण, हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी और आपातकालीन स्थितियों के प्रबंधन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

डॉ. अशोक कुमार ने यूटेराइन काइनेटिक्स और प्रसव के दौरान यूटेरोटोनिक्स के उचित उपयोग पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही समय पर इन दवाओं का उपयोग गर्भाशय के संकुचन को प्रभावी बनाकर प्रसवोत्तर रक्तस्राव को काफी हद तक नियंत्रित कर सकता है।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार समय पर हस्तक्षेप मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी ला सकता है।

डॉ. आशीष मुखोपाध्याय ने ब्रीच डिलीवरी, प्रीटर्म लेबर और उच्च जोखिम गर्भावस्था जैसे मामलों के प्रबंधन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समय पर पहचान, सही क्लिनिकल निर्णय और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से जटिल प्रसवों में भी सुरक्षित परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीएचसी और ग्रामीण स्तर पर प्रशिक्षित डॉक्टर यदि मानक प्रोटोकॉल अपनाएं, तो अनावश्यक रेफरल और जोखिम दोनों में कमी लाई जा सकती है। डॉ. एन. पलानीअप्पन ने ऑक्सिपिटोपोस्टेरियर पोजीशन के प्रबंधन पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि रोटेशन तकनीकों के सही उपयोग से जटिल प्रसव को सामान्य प्रसव में बदला जा सकता है। उन्होंने कौशल आधारित प्रशिक्षण और अनुभव को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समय पर हस्तक्षेप से सिजेरियन की आवश्यकता को भी कम किया जा सकता है। सुरक्षित मातृत्व के लिए प्रशिक्षण को बताया आधार

डॉ. प्रीति कुमार ने कहा कि कॉन्क्लेव का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर सुरक्षित मातृत्व को मजबूत करना है। उन्होंने नई तकनीकों और स्किल आधारित प्रशिक्षण को प्रसव सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया। डॉ. सीमा मेहरोत्रा ने टीम वर्क और समय पर निर्णय लेने की क्षमता को जटिल प्रसव प्रबंधन में सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रशिक्षण से ही बेहतर परिणाम संभव हैं। कार्यक्रम में उच्च जोखिम गर्भावस्था से जुड़े मामलों पर विस्तृत पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें फीटल ग्रोथ रेस्ट्रिक्शन (एफजीआर), प्रीटर्म लेबर, डायबिटीज, गंभीर एनीमिया, हाइपरटेंसिव डिसऑर्डर और हृदय रोग जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। इस सत्र में डॉ. नरेंद्र मल्होत्रा, डॉ. संपत कुमारी, डॉ. नीरा अग्रवाल, डॉ. जतिंदर कौर तथा डॉ. गौरव देसाई ने साक्ष्य आधारित प्रोटोकॉल और अपने अनुभव साझा किए।



फॉग्सी आर्ट ऑफ बर्थिंग कॉन्क्लेव में मौजूद विशेषज्ञ।

# श्वसन रोगों की बढ़ती समस्या पर आधुनिक चिकित्सा और जागरूकता का समन्वय आवश्यक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में 'रेस्पिवॉक 2026' के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने प्रदूषण, सीओपीडी, टीबी और तकनीकी नवाचारों पर किया मंथन

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की ओर से आयोजित 'रेस्पिवॉक 2026' के दूसरे दिन ब्राउन हॉल में श्वसन रोगों के निदान, उपचार और रोकथाम को लेकर विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद और विभागाध्यक्ष डॉ.सूर्यकांत ने की।

कुलपति ने कहा कि श्वसन रोगों की बढ़ती समस्या के बीच आधुनिक चिकित्सा तकनीक और जन-जागरूकता का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण, समय पर रोग पहचान और स्वस्थ जीवनशैली को उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। डॉ.सूर्यकांत ने कहा कि स्वच्छ वायु अब केवल पर्यावरणीय विषय नहीं, बल्कि चिकित्सकीय आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पीएम 2.5 के बढ़ते स्तर के कारण अस्थमा, एलर्जी और सीओपीडी जैसे रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से वाहन उपयोग कम करने, कचरा न जलाने और वृक्षारोपण जैसे उपाय अपनाने की अपील की तथा प्रतिभागियों को 'वायु मित्र' शपथ दिलाई। डॉ. अश्वनी कुमार मिश्रा और डॉ. गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सीओपीडी, अस्थमा और आईएलडी पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों में डॉ. रुचि दुआ, डॉ. किसलय किशोर, डॉ. अभिषेक टंडन, डॉ. वी. के. जैन और अन्य ने अपने शोध एवं अनुभव साझा किए। तकनीकी सत्र में आईसीयू में क्रायोथेरेपी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और जटिल एयरवे रोगों पर चर्चा हुई। डॉ. सौरभ मित्तल और डॉ. संदीप भट्टाचार्य ने आधुनिक चिकित्सा तकनीकों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।



डॉक्टर को सम्मानित करती कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद, साथ में अन्य।